प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से मौजूदा जनगणना अभियान में सक्रिय जनभागीदारी का किया आह्वान : कहा– दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती वर्ष 2025–26 बैच के दीक्षांत परेड समारोह में हुए शामिल : कहा– यूपी पुलिस देश की मॉडल और स्मार्ट पुलिस के रूप में लोगों को दे रही है बेहतरीन सुरक्षा सुविधा।
3. केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टाड मैकक्ले के साथ ताजमहल का किया दीदार : कहा– द्विपक्षीय समझौते से उत्तर प्रदेश के चमड़ा और हैंडलूम उद्योग को मिलेंगे नये अवसर।

और

4. राज्य में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से जनजीवन प्रभावित : मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी जिलों के अधिकांश भागों में कल हीटवेव का जारी किया येलो अलर्ट।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के कल्पक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने में सफलता हासिल

करने पर देश के परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने कहा कि परमाणु ऊर्जा यात्रा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से भारत का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि असैन्यं परमाणु कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विकास के लिए सौर और पवन ऊर्जा आवश्यक हैं तथा युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। बाइट.....

*पवन–शक्ति, भारत के विकास की नई कहानी लिख रही है। अब भारत का विंड एनर्जी जनरेशन कैपेसिटी 56 गिगावाट से अधिक हो चुकी है। पिछले एक साल में ही करीब 6 गिगावाट नई क्षमता जुड़ी है। आज भारत, विंड एनर्जी कैपेसिटी में दुनिया में चौथे स्थान पर है। यह हमारे इंजीनियरों की मेहनत है, यह हमारे युवाओं का परिश्रम है, यह देश की सामूहिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है।*

प्रधानमंत्री मोदी ने मौजूदा जनगणना अभियान को विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान बताया। प्रधानमंत्री ने इस अभियान में पूर्ण जन भागीदारी का आह्वान किया। बाइट.....

*जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यहम में दर्ज हो रही है। इस बार जनगणना में आपकी भागीदारी भी आसान बनाई गई है, अब तक लगभग एक करोड़ 20 लाख परिवारों का मकान सूचीकरण का कार्य पूरा भी हो चुका है। आपकी दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहती है, यह गोपनीय रखी जाती है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष पहली मई को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध् की शिक्षाएं मानवता के कल्याण के लिए हमेशा प्रासंगिक रहेंगी। बाइट.....

*आज दुनिया जिस तरह के तनावों और संघर्षों से गुजर रही है। ऐसे समय में बुद्ध के विचार और भी अहम हो गए हैं। दक्षिण अमरीका के चिली में एक संस्था भगवान बुद्ध के विचारों को आगे बढ़ा रही है। लद्दाख में जन्मे ड्रबपोन ओत्जर रिनपोचे के मार्गदर्शन में काम हो रहा है। कोचीगु आज घाटी में बना स्तूप लोगों को शांति का अनुभव कराता है।*

श्री मोदी ने बच्चों को गर्मियों की छुट्टी का भरपूर आनंद लने और कुछ नया सीखने की सलाह भी दी।

———————————

वाराणसी में 28 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे के मददेनजर जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे में प्रधानमंत्री पहले दिन बनारस रेल इंजन कारखाना बरेका में आयोजित महिला सम्मेलन में महिलाओं से संवाद करेंगे। इसके साथ ही जनसभा स्थल से ही प्रधानमंत्री काशी को 6 हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत की 160 परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। दूसरे दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे।

उधर, हरदोई के मल्लावा में 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां जारी है। इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केन्द्रीय वित्त

राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने आज मल्लावां में सभा स्थल और आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी पुलिस देश की मॉडल और स्मार्ट पुलिस के रूप में राज्य के लोगों को बेहतरीन सुरक्षा सुविधा प्रदान कर रही है। श्री योगी आज लखनऊ में 60 हजार 244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती 2025—26 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षु आरक्षी ट्रेनिंग से मिले ज्ञान, कौशल और मूल्यों का उपयोग करते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ायेंगे। श्री योगी ने कहा कि राज्य सरकार ने पुलिस बल को अधिक दक्ष बनाने और प्रशिक्षण सुविधाओं को पहले की तुलना में बेहतर बनाया है। बाइट...

*यूपी एटीएस के अधिकारियों और जवानों को एनआईए और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के मानक के अनुरूप प्रशिक्षण देने का कार्य चल रहा है और आज पुलिस बल का जो व्यावहारिक दक्षता और सॉफ्ट स्किल पर आधारित विशेष ट्रेनिंग भी वर्तमान में दी जा रही है। पचहत्तर जनपदों में साइबर थानों की स्थापना के साथ ही पुलिसकर्मियों को आधुनिक साइबर अपराधों से निपटने के लिए भी विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस की स्थापना की गई है, जहां पुलिस बल को वैज्ञानिक जांच की बारीकियों से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन सब प्रयासों का परिणाम आज हम सबके सामने है। उत्तर प्रदेश पुलिस देश के अंदर एक मॉडल पुलिस के रूप में, स्मार्ट पुलिस के रूप में*

*उत्तर प्रदेश के लोगों को बेहतरीन सुरक्षा सुविधा उपलब्ध करवाने में योगदान दे पा रही है।*

श्री योगी ने कहा कि पिछले 9 वर्षो के दौरान राज्य की मौजूदा सरकार ने 2 लाख 18 हजार से ज्यादा पुलिस कार्मिकों की भर्ती की है। उन्होंने कहा कि पुलिस आरक्षियों का प्रशिक्षण एक साथ राज्य के प्रशिक्षण केन्द्रों में सम्पन्न किया गया है। यह उत्तर प्रदश की विगत 9 वर्षो में अर्जित प्रगति का सबूत है। समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु आरक्षी को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार–निवेश मंत्री टाड मैकक्ले ने आज आगरा में ताजमहल का दीदार किया। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री गोयल ने कहा कि भारत और

न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर कल मोहर लग जायेगी। उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते से आगरा के चमड़ा उद्योग और उत्तर प्रदेश के हैंडलूम सहित अन्य दस्तकारों को नये अवसर मिलेंगे। बाइट.....

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टफर लक्सिन दोनों के बीच फाइनल हुआ। उसको कल sign करने जा रहे हैं और कुछ ही महीनों में वो भारत और न्यूजीलैंड के बीच बड़े पैमाने पर व्यापार भी बढ़ाने का एक साधन बनेगा। लगभग शत प्रतिशत जो भारत से सामान न्यूजीलैंड जाता है वह बिना कोई कर के, बिना कोई import duty के वहां पर पहुंच पाएगा। हमारे आगरा के चमड़ा व्यापार को, हमारे आगरा के विश्वकर्मा को, आगरा और उत्तर प्रदेश के अलग–अलग जो handloom और handicrafts one district one product के सामान बनाने वाले हमारे कारीगर हैं, सबके लिए ढेर सारे अपार नए अवसर खोलने वाला यह free trade agreement न्यूजीलैंड के साथ कल sign होगा।*

——————————

संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलीटेक्निक 2026 की ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश की राजकीय, अनुदानित, पीपीपी, निजी और अल्पसंख्यकों संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिये आवेदन 15 जनवरी से शुरू हो चुके हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के सचिव संजीव कुमार ने बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी पहले और दूसरे वर्ष में दाखिले के लिये आवेदन कर सकते हैं।

—————————

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जॉयंट्स के बीच मुकाबला हो रहा है। लखनऊ सुपर जॉयंट्स ने टॉस जीत कर गेंदबाजी का फैसला किया है।

—————————

प्रदेश में जबरदस्त गर्मी का प्रकोप जारी है। अधिकांश ज़िलों में तापमान 40 डिग्री के ऊपर है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने आकाशवाणी को बताया है कि लखनऊ सहित अधिकांश जिलों में लू चल रही है। उन्होंन कहा कि कल भी लू को लेकर प्रदेश में येलो अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल से धीरे–धीरे तापमान में कमी आएगी और बारिश होने की संभावना है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश में मौसम की बात करें तो जैसा कि पिछले एक हफ्ते से काफी तापमान में वृद्धि हो रही है, जिसकी वजह से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान 40 और 45 degree cross हो गया है। जिसमें कल बांदा का तापमान 47.4 degree record किया गया। अगर हम आने वाले दिनों की बात करें तो जैसा कि लखनऊ समेत आज और कल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू का alert जारी है। आज orange alert जारी है, कल yellow alert है। तो कहीं ना कहीं जो central part है और जो southern portion है वहां पर orange alert जारी है और यह सिलसिला आज और कल रहेगा। 28 तारीख से धीरे धीरे जैसे कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा*

*है, जिसकी वजह से यह तापमान में धीरे धीरे गिरावट होगा और आने वाले दिनों के लिए बारिश की भी संभावना बनेगी।*

(समाप्त)